दिल्ली में इस साल के अंत तक 100 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन तैयार हो जाएंगे : गहलोत

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बड़े स्तर पर चार्जिंग स्टेशन तैयार करने की रणनीति पर काम कर रही है। सरकार की मानें तो दिल्ली में 31 दिसंबर तक विभिन्न प्रमुख स्थानों पर 500 चार्जिंग प्वाइंट वाले 100 चार्जिंग स्टेशन तैयार हो जाएंगे। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने शनिवार को कहा कि इसके लिए भारत में अब तक का सबसे बड़ा टेंडर निकाला गया है।

दिल्ली चार्जिंग स्टेशन के मामले में देश का नेतृत्व करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रत्येक तीन किलोमीटर की दूरी पर चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करने की दूरगामी सोच से लोगों में भरोसा बढ़ेगा और वे इलेक्ट्रिक वाहन खरीदेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार मोबाइल एप भी बना रही है, जिसके जरिये सभी चार्जिंग स्टेशनों का स्थान और चार्जर की स्थिति को वास्तविक पर समय देखा जा सकेगा।

कैलाश गहलोत ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत आवासीय और वाणिज्यिक परिसरों में चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करने के लिए प्रत्येक चार्जिंग प्वाइंट के लिए छह हजार रुपये तक की सब्सिडी ली जा सकती है। वहीं सार्वजनिक उपयोग के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए कई इलेक्ट्रिक वाहनों के आपरेटरों जैसे इलेक्ट्रिक कैब, रिक्शा चालकों से बातचीत की जा रही है। यह लाभदायक प्रस्ताव है, क्योंकि चार्जिंग ढांचे में निवेश से आपरेटरों को बेहतर रिटर्न मिल सकेगा। वहीं, कांग्रेस ने दिल्ली सरकार से निजी बिजली वितरण कंपनियों (डिस्काम) के खातों की जांच कराने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि डिस्काम अलग-अलग शुल्क के रूप में उपभोक्ताओं से पैसे वसूल रहीं हैं। इसकी जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सत्ता में आने से पहले डिस्काम के खातों की जांच कराने की बात करती थी। लेकिन, सत्ता में आने के बाद खातों की जांच कराने के बजाय सरकार उन्हें सब्सिडी देकर लाभ पहुंचा रही है। डिस्काम बिजली की दरों व अन्य शुल्क बढ़ाने की मांग कर रही हैं, जिसका कांग्रेस विरोध करती है।

टेंट से ढककर सड़क पर पक्का मकान बना रहे प्रदर्शनकारी, विरोध करने पर देते हैं धमकी

नई दिल्ली। कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों की मनमर्जी अब दिनोदिन बढ़ रही है। तीन महीने से ज्यादा समय से बीच सड़क पर बैठे प्रदर्शनकारियों के चलते आवागमन बंद है, वहीं दूसरी तरफ अब यहां पर अवैध निर्माण शुरू कर उन्होंने यह जता दिया है कि आम लोगों की परेशानी से उन्हें कोई मतलब नहीं है।

टीकरी बार्डर पर अभी करीब 25 जगहों पर अवैध निर्माण दिखाई दे रहा है। इतना ही नहीं, जब कोई इनका विरोध करता है तो धमकी देने से भी वे बाज नहीं आते हैं। अगर प्रदर्शनकारियों पर रोक नहीं लगाई गई तो देखते ही देखते इस तरह के सैकड़ों अवैध निर्माण सड़क पर देखने को मिल सकते हैं। झाड़ौदा गांव निवासी अशोक पंडित ने बताया कि पक्के निर्माण के साथ-साथ रोड पर समरसिबल भी प्रदर्शनकारियों ने लगा रखे हैं। उसे टेंट से ढंक दिया है, जिससे कि किसी को पता नहीं चले। ये प्रदर्शन की आड़ में अब नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आते हैं।

आम लोग परेशान हो रहे हैं, लेकिन इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। हरियाणा सरकार को इनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विरोध करने पर प्रदर्शनकारी धमकी देते हैं। यह सरासर गलत है। प्रदर्शन के नाम पर लोगों को वे परेशान कर रहे हैं। टीकरी बार्डर पर रहने वाले राम कुमार ने बताया कि सरकार हर समय बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन संगठन के नेताओं को राजनीति करने से फुर्सत ही नहीं है। सरकार से बातचीत करने की बजाय पश्चिम बंगाल चुनाव में संगठन के नेता सभा को संबोधित कर रहे हैं।

अगर वे अपनी मांग को लेकर गंभीर होते तो सरकार से बात करते न कि पश्चिम बंगाल में जाकर राजनीति करते। यह प्रदर्शन अब दिशाहीन हो गया है और अगर ये खुद सड़क खाली नहीं करते हैं तो इनसे सख्ती से निपटना जरूरी हो गया है। बता दें कि टीकरी बार्डर से सात किलोमीटर के दायरे में ये सड़क पर कब्जा जमाकर बैठे हुए हैं। पूरी सर्दी ट्रैक्टर ट्राली पर बैठे रहे और अब ट्रैक्टर को यहां से हटाकर पक्का निर्माण किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों के रवैये से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। एक ओर फैक्ट्री में कार्य प्रभावित हो रहा है वहीं, कामगारों को सबसे ज्यादा दिक्कतें हो रही हैं।

पुलिस मुठभेड़ में नीरज बवानिया गैंग का कुख्यात बदमाश गिरफ्तार, प्रॉपर्टी डीलर का किया था मर्डर

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुठभेड़ के बाद प्रॉपर्टी डीलर विकास मेहता की हत्या करने वाले कुख्यात बदमाश कमल गहलोत को धर दबोचा। वह नीरज बवानिया व नवीन बाली गिरोह का सदस्य है। पुलिस की एक गोली बदमाश के बाएं पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, बदमाश की गोली से एक पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गया। पुलिस ने बदमाश के पास से एक पिस्टल और एक रिवाल्वर व छह कारतूस सहित चोरी की एक कार बरामद की है।

स्पेशल सेल के डीसीपी संजीव कुमार यादव ने बताया कि मोहन गार्डन में एक सनसनीखेज हत्या के मामले में वांछित कमल गहलोत के आने की जानकारी मिलने पर एसीपी जसवीर सिंह और इंस्पेक्टर रवि तुशीर की टीम शुक्रवार की आधी रात मुंडका इलाके में सक्रिय हो गई थी। रात करीब दो बजे पुलिसकर्मियों ने बिना नंबर प्लेट की एक कार को देख चालक को रुकने का संकेत दिया। हालांकि, कमल कार से उतरकर भागने की कोशिश करने लगा। यही नहीं उसने पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी। उसने तीन फायर किए, जिसमें एक गोली हेड कांस्टेबल लोकेंद्र को लगी। बुलेटप्रूफ जैकेट पहने होने के कारण वह बाल-बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दो गोलियां चलाई। इसमें एक गोली कमल के पैर में लगी और वह घायल होकर गिर गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मूल रूप से नवादा निवासी कमल का चाचा प्रवीण गहलोत उर्फ गोलू मंजीत महल गिरोह का सक्रिय सदस्य था। उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज थे। उत्तम नगर स्थित एक संपत्ति को लेकर प्रवीण का अन्य गिरोह के प्रदीप सोलंकी से विवाद चल रहा था। इसी विवाद में प्रदीप सोलंकी के कहने पर विकास दलाल ने वर्ष 2019 में गोली मारकर प्रवीण की हत्या कर दी थी। बाद में एक मुठभेड़ में विकास दलाल भी मारा गया था। कमल गहलोत ने चाचा की हत्या का बदला लेने के लिए इस साजिश में शामिल रहे प्रापर्टी डीलर विकास मेहता की मोहन गार्डन में हत्या कर दी थी।

अंबानी के घर के बाहर विस्फोटक रखने के तार इजरायली दूतावास के पास हुए बम धमाके से जुड़े

नई दिल्ली। लुटियंस दिल्ली में स्थित इजरायली दूतावास के पास हुए बम धमाके व दक्षिण मुंबई में उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के पास विस्फोटक भरी कार खड़ी कराने की घटना के तार आपस में जुड़ गए हैं। दरअसल, दोनों वारदात की साजिश इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी तहसीन अख्तर उर्फ मोनू ने तिहाड़ जेल में रची थी। यही नहीं तिहाड़ जेल संख्या आठ से बरामद दोनों मोबाइलों का प्रयोग आतंकी तहसीन द्वारा ही किए जाने की बात भी सामने आई है। हालांकि, मामला हाई प्रोफाइल होने की वजह से स्पेशल सेल व मुंबई पुलिस अभी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। दोनों एजेंसियां मामले की गंभीरता से जांच कर रही हैं, लेकिन दोनों मोबाइल तहसीन के होने से साफ है कि जैश-उल-हिंद के नाम पर साजिश रचने और दोनों कारनामों का मास्टर माइंड वही है। 30 जनवरी को लटियंस दिल्ली स्थित इजरायली दूतावास के पास बम धमाका हुआ था। इसकी जिम्मेदारी जैश-उल-हिंद नाम के संगठन ने ली थी। इसके बाद 26 फरवरी को मुकेश अंबानी के घर के बाहर जिलेटिन की 20 छड़ों से भरी स्कार्पियो कार मिली थी। इसकी जिम्मेदारी भी इसी संगठन ने ली थी। इस मामले की जब जांच की गई तो तार तिहाड़ जेल से जुड़े।

दिल्ली में जामा मस्जिद इलाके का होगा कायाकल्प

ट्राम बस व गोल्फ कार्ट पर भी चल रहा विचार

नई दिल्ली। चांदनी चौक के साथ ही शाहजहांनाबाद पुनर्विकास निगम (एसआरडीसी) ने अब जामा मस्जिद इलाके के पुनर्विकास की तैयारी की है। इसमें जामा मस्जिद के आस-पास की तकरीबन चार किमी सड़क और फुटपाथ को नए सिरे से विकसित किया जाएगा। आस-पास के सभी रास्तों पर विशेष तरीके से यातायात प्रबंधन होगा। इसमें एक तरफ की लेन को मोटर वाहन रहित (एनएमवी) तो दूसरी लेन को वन-वे करने की तैयारी है। इससे खरीदारों के साथ पर्यटक पैदल घूमते हुए इस मुगलकालीन शहर का आराम से दीदार कर सकेंगे। यह इलाका मुगलई व्यंजनों के लिए काफी प्रसिद्ध है। वहीं, जामा मस्जिद के साथ ही कई ऐतिहासिक धरोहरों के कारण भी यह देशी-विदेशी पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। ऐसे में इस इलाके को चमकाकर आकर्षक रूप देने की तैयारी है। इसके तहत जामा मस्जिद के नजदीक आकर्षक पार्क बनाने के साथ मीना बाजार और वाहन पार्किंग स्थल को भी दुरुस्त किया जाएगा। इसके लिए सलाहकार नियुक्त करने की तैयारी शुरू हो गई है। 11 फरवरी को शहरी विकास मंत्री सत्येंद्र जैन की अध्यक्षता में एसआरडीसी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। सलाहकार की नियुक्त चांदनी चौक मुख्य मार्ग की ऐतिहासिक इमारतों के सामने के हिस्से को आकर्षक बनाने तथा नेताजी सुभार्ष मार्ग के पुनर्विकास की कार्ययोजना को लेकर भी है। बता दें कि पुरानी दिल्ली के पुनर्विकास के दूसरे चरण में दिल्ली गेट से कश्मीरी गेट तक नेता जी सुभाष मार्ग को धरोहर मार्ग के रूप में भी विकसित करने की तैयारी है। तो जामा मस्जिद पुनर्विकास परियोजना कई वर्ष पुरानी है जिसपर अब तेजी से आगे बढ़ने का फैसला लिया गया है। एसआरडीसी के निदेशक व चांदनी चौक के विधायक प्रह्लाद साहनी ने बताया कि दरीबा कलां चौक से अग्निशमन विभाग के कार्यालय होते हुए चावड़ी बाजार और मटिया महल को जोड़ती सड़क का पुनर्विकास होगा। यह पुनर्विकास आगे उर्दू बाजार होते हुए दरियागंज चौक तक जाएगा। एसआडीसी के एक अधिकारी के मुताबिक इस पूरे रास्ते में जाम और अतिक्रमण की समस्या अधिक है। इसलिए दो लेन की इस पूरी सड़क को समानांतर दो भागों में बांटकर यातायात का प्रबंधन किया जाएगा, जिससे कि वाहनों के चलने के साथ पर्यटकों को भी पैदल घूमने में सहूलियत मिलेगी।

चांदनी चौक के नवनिर्मित मोटर वाहन रहित मार्ग पर लोगों की सुविधा के लिए ई-रिक्शा के साथ ही ट्राम बस व गोल्फ कार्ट चलवाने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है।

इसके साथ ही तकरीबन चार किमी लंबी इस सड़क पर आकर्षक लैंप, बैठने के लिए बेंच व हरियाली की व्यवस्था की जाएगी। जगह-जगह सेल्फी प्वाइंट भी बनाए जाएंगे। प्रह्लाद

साहनी ने बताया कि जामा मस्जिद की परियोजना में मीना बाजार का भी पुनर्विकास होगा। इसी तरह चांदनी चौक को जोड़ती सड़कों का भी पुनर्विकास होगा। इसमें नया बाजार, खारी बावली, लाहौरी गेट, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन व पीली कोठी मार्ग समेत अन्य जोड़ती हुई सड़कें हैं। एसआरडीसी के अधिकारी के मुत ी चौक पुनर्विकास परियोजना के प्रथम चरण के तहत लाल जैन मंदिर से फतेहपुरी मस्जिद तक के पुनर्विकास का काम करीब-करीब पूरा हो चुका है। फतेहपुरी मस्जिद चौराहे पर पत्थर लगाने का काम चल रहा है। इसके साथ ही स्ट्रीट लैंप व सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम बचा है,जिसके इस माह के अंत में पूरा हो जाने की उम्मीद है।

यजल की किल्लत के चलते बढ़े पानी के दाम

कब शुरु होगी सप्लाई

नई दिल्ली। पूर्वी जिले में पानी के संकट से लोग बीते तीन दिनों से जूझ रहे हैं लेकिन रविवार की सुबह इनके लिए कुछ ज्यादा ही कष्टकारी रही। विकास मार्ग पर पानी की पाइप-लाइन बदलने का कार्य चल रहा है। जल बोर्ड ने गुरुवार रात को 24 घंटे तक आपूर्ति बाधित होने की बात कही थी। लेकिन आज तीन दिन हो गए है और घरों के नल सूखे पड़े हुए है। मजबूरन लोगों को बाजार से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। हालांकि अधिकारी आज रात तक पानी सुचारु करने की बात कह रहे हैं। मंडावली निवासी परमिंदर मिश्रा ने बताया कि पिछ्ले तीन दिन से घरों में साफ सफाई तक नहीं हो पाई है। नल एक दम सूखे पड़े हुए है मजबूरन लोगों को पानी बाजार से खरीदकर पीना पड़ रहा है। क्षेत्र में सुबह एक ही टैंकर आ रहा है। पानी की किल्लत के चलते टैंकरों पर घमासान भीड़ रहती है। ऐसे में कुछ लोगो को पानी मिल पाता है तो कुछ लोगो को अपनी खाली बर्तन लेकर घर लोटना पड़ रहा है। यह स्थित क्षेत्र में तीन दिन से बरकरार है। पूर्वी जिले में पानी किल्लत के चलते बाजार में पानी के दाम भी बड़ गए है। लक्ष्मी नगर निवासी सुरेश कुमार ने कहा कि पानी न आने से लोग काफी परेशान हैं। उन्होंने कई बार इस संबंध में जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की लेकिन अधिकारी बदले में जवाब देकर ऐसे पल्ला झाड़ लेते है कि पाइप लाइन बदलने का काम किया जा रहा है जल ही समाधान करवा दिया जाएगा। जल बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि भागीरथी जल उपचार संयंत्र से पूर्वी जिले में दो पाइप लाइनों से पानी घरों में सप्लाई

करवाया जाता है। पिछले कुछ दिनों से एक पाइप लाइन लीकेज थी जिसको ले ो शिकायते आया करतां थां। लोगां को शिकायत पर लीकेज पाइप लाइन को दूसरी पाइप लाइन से जोड़ा जा रहा है। शुक्रवार को पाइल लाइन ठीक करने का काम शुरू किया गया और विकास मार्ग पर पाइप लाइन बदलने का काम चल रहा है। पाइप लाइन में अन्य प्लांट से अचानक पानी आ गया है जिसके कारण काम तय समय में नहीं हो पाया है। पंप लगाकर पाइप लाइन से पानी को खाली किया जा रहा है ताकि शाम से पहले पाइप लाइन की मरम्मत हो सके। पूर्वी जिले में बृहस्पतिवार रात से पानी की समस्या बनी हुई है और आज तीसरे दिन भी क्षेत्र में पानी नहीं आया है। ऐसे में बाजारों के दुकानदारों ने पानी के दाम बढ़ा दिए है जो बोतल 30 रुपये में मिला करती थी वो बोतल 90 रुपये में लोगो को बेची जा रही है। लोगों को अपनी जरूरत के लिए मजबूरन पानी खरीदना पड़ रहा है। पाइन-लाइन के मरम्मत कार्य की वजह से पूर्वी जिले के शकरपुर, गणेश नगर, स्कूल ब्लाक, पांडव नगर, दक्षिणी गणेश नगरर, मंडावली, गणेश नगर कांप्लेक्स, समसपुर व मयूर विहार फेज-1,2व 3 और त्रिलोकपुरी में पानी की आपूर्ति बाधित है।

शादी के तीन माह बाद संदिग्ध हालात में महिला की मौत

नई दिल्ली। महरौली थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालात में महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची महरौली थाना पुलिस को महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव स्वजन को सौंप दिया है। वहीं, मृतका काजल (21) के पिता प्रेमराज की शिकायत पर पुलिस ने पति व ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ दहेज हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभी शादी के तीन माह ही हुए थे। मामले की जांच एसडीएम कर रहे हैं। काजल के पिता ने ससुराल पक्ष पर उनकी बेटी की हत्या के बाद शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि काजल के ससुराल वाले अक्सर उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे।

नए परिपेक्ष्य में नई सोच और नेतृत्व को आगे लाएगी राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी

नई दिल्ली। आज हम एक ऐसे समाज और राष्ट्र की परिकल्पना करते है जहां समाज का अंतिम व्यक्ति भी महसूस करें कि देश के प्रत्येक विकास में उसकी भी अहम भूमिका और हिस्सेदारी है। लोकतंत्र की गूँज और राष्ट्र उत्थान में उसके पसीने की गंध का भी मोल हो, तभी सही मायने में लोकशाही का राम-राज्य स्थापित हो सकेगा। एक ऐसा समाज जो पारदर्शी नेतृत्व, आधुनिक तकनीक और नेक नीयत के साथ बुजुर्गों का सम्मान, स्त्रियों की सुरक्षा और नौनिहालों के स्वर्णिम भविष्य की गारंटी देता हो, यह कहना था राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी के कन्वीनर एडमिन दीपक पांडिया का, उन्होंने कहा की जहां सरकार दाता के अहंकार में और जनता याचक के रूप में न हों, अपितु सरकार अपना दायित्व निर्वहन करते हुए प्रत्येक नागरिक के घर-द्वार तक सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी के लॉन्च के अवसर पर सर्वसम्मति से राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें ब्रिगेडियर बी. के. खन्ना को चीफ कन्वीनर, दीपक पांडिया को कन्वीनर एडमिन, एन. के. शर्मा को कन्वीनर फाइनेंस, डॉ. एल. सी. शर्मा को मेंटोर और रेणु नेगी को कन्वीनर मीडिया रिलेशन नियुक्त किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड में जे. पी. सिंह, अलोक कुमार, आईएएस रिटायर्ड गौतम मारवाह, पद्मश्री भारत भूषण त्यागी और ब्रिगेडियर विनोद दत्ता शामिल हुए। ब्रिगेडियर खन्ना एक अंतर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व है उन्होंने सेना में रहकर देश के लिए अपनी सेवाएं प्रदान की है तथा 1987 में भारत की सेना ने जब श्रीलंका में शांति के लिए भेजी गई थी तो ब्रिगेडियर खन्ना ने उसमें अहम भूमिका निभाई थी, इन्होंने समाज सेवा में सर्वोच्च सेवाओं को प्रदान करने का गौरव हासिल किया, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेना में रहते हुए हमारा पूरा जीवन देश के प्रति समर्पित रहा है और हर चुनौती को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहे है, आज इस लोकनीति के तहत हम लोगों ने जो संकल्प लिया है उसे भी अवश्य पूरा करेंगे।

एन. के. शर्मा ने कहा की आज की स्थितियाँ इतनी बदल चुकी है कि व्यक्ति,परिवार,

समाज समेत शिक्षा, स्वास्थ्य,प्रशासन, कृषि, उद्योग आदि सभी क्षेत्र पूरी तरह नवीन और भिन्न हो चुके है। ऐसे में हमारी सदियों पुराने प्रशासनिक ढाँचे पर आधारित राजनीति पूरी तरह बेमानी साबित हो चुकी है। हमारी पार्टी का उद्देश्य स्वास्थ्य, कृषि, बागवानी, शिक्षा और अन्य सभी प्रभागों में नए सुधारों के साथ घर द्वार की सेवाओं को लाना ताकि लोग अपनी सेवाओं में 100 प्रतिशत क्षमता के साथ कार्य कर सके, प्रत्येक पंचायत में उसी क्षेत्र के 15 लोगों को रोजगार जो हर सेवा को घर पर ही उपलब्ध करवाएगे, सरकारी एवं निजी स्कूलों में एक समान व्यवस्था, फीस ढांचा एवं अन्य सुविधाओं को भी एक समान करना है।

यह एक बड़ी सच्चाई है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक गणराज्य है, जिसका हमें गर्व भी है। परन्तु एक देश को लोकतान्त्रिक तभी समझा जाना चाहिए जब वहाँ लोकतंत्र के माध्यम से सुशासन की स्थापना हो, अन्यथा यह बात दिवास्वप्न ही होगी।

पार्टी के मेंटोर डॉ. एल. सी. शर्मा ने कहा की हमारा उद्देश्य है नए परिपेक्ष्य में नई सोच और नेतृत्व को आगे लाना, व्यवस्था में नई सहयोगात्मक एवं विकासात्मक सोच एवं शासन प्रणाली की रणनीति का प्रादुर्भाव, समुचित एवं अधिकतम तकनीक आधारित शासन व्यवस्था, जिम्मेवारी एवं आमजन में प्रसन्नता एवं मुस्कान के लिए सेवाएं, शासन व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों/पदाधिकारियों की जिम्मेवारी तय करना आदि कुछ प्रमुख है। जे. पी. सिंह ने कहा की व्यवस्था बदल रही है तो हम क्यों न बदले, नेताओं के साथ नागरिकों की भी रेटिंग तय हो, जब दूसरे देश यह कर सकते है तो हम क्यों नहीं। पार्टी का एजेंडा बिल्कुल सही है यह नई दिशा तय करने वाली है। रेणु नेगी ने कहा कि सबसे अच्छी बात यह है कि हमारी पार्टी में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा रहेगी जिसमें हम महिलाओं की समस्याओं को और अच्छे तरीके से दूर कर सकेंगे।

देश की आवाम और मज़बूत स्तंभ मीडिया के साथ इस राष्ट्रीय लोकनीति और लोकतंत्र की नींव को मज़बूत करने के उद्देश्य से सहयोग और समर्थन की अपील करता है। एक पारदर्षी जिम्मेवार सरकार की परिकल्पना एवं कश्मीर से कन्याकुमारी तक जाति,धर्म और संप्रदायों से ऊपर उठकर समान राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी का आरंभ देश की राजधानी दिल्ली से किया गया है।